प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार अगले वितीय वर्ष के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष जोर देगी। नालागढ़ के बरूना में एक जनसभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है और साधन सपंन्न परिवारों को सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की अहम ऊर्जा है और सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जलवायु व वातावरण मिल सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 करोड़ रूपये के विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

चर्चा

देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान अंगीकार किए जाने के अगले साल 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में दो दिन की विशेष चर्चा आज से राज्यसभा में शुरू होगी। शुक्रवार और शनिवार को लोक सभा में भी संविधान पर विशेष चर्चा हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल राज्यसभा में इसका जवाब देने की संभावना है। 2015 में मोदी सरकार ने औपचारिक रूप से 1949 में भारतीय संविधान को अपनाने की याद में 26 नवंबर को हर वर्ष संविधान दिवस मनाने की घोषणा की थी। भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा के अपने सभी सदस्यों को व्हिप जारी कर चर्चा के दौरान आज और कल सदन में उपस्थित रहने को कहा है।

विधानसभा–भाजपा

प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसम्बर तक धर्मशाला के तपोवन में होगा। चार दिवसीय सत्र के हंगामेदार होने की उम्मीद है क्योंकि विपक्षी दल भाजपा ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। भाजपा ने 18 दिसम्बर को ही धर्मशाला में राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली करने का निर्णय लिया है। इस रैली को लेकर विधायक सुधीर शर्मा के निवास पर धर्मशाला में वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। परमार ने बताया कि इस जन आक्रोश रैली में प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेता भाग लेंगे और कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा।

पांगी घाटी–मांग

चम्बा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुर्थी में पिछले लगभग 3 महीने से डॉक्टर का पद खाली पड़ा है। जिसके चलते शौर, पुर्थी और रेई पंचायतों के लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने राज्य सरकार से डॉक्टर के खाली पद को जल्द भरने की मांग की है ताकि सर्दी के इस मौसम में क्षेत्र की जनता को सुविधा मिल सके और लोगों को ईलाज करवाने के लिए घाटी के बाहर न जाना पड़े।

निधन

महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का कल रात अमरीका में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार वे रक्तचाप संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। जाकिर हुसैन ने कई प्रसिद्ध भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के साथ काम किया। उन्हें 1988 में पद्‌म श्री, 2002 में पद्‌म भूषण और 2023 में पद्‌म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ बना हुआ है। इसके बावजूद लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में कई प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों के अलावा अधिकांश मैदानी इलाकों में भी न्यूनतम तापमान माइनस में पहुंच गया है। हालांकि राजधानी शिमला में रात का पारा सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी छह दिनों तक राज्य भर में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला व हिमाचल दस्तक की एक जैसी सुर्खी है–शिक्षा–स्वास्थ्य सेवाओं के साथ गांवों पर केंद्रित होगा अगला बजट। दैनिक जागरण के शब्द हैं–टैक्स देने वालों को सब्सिडी की जरूरत नहीं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर केंद्रित होगा बजट। आपका फैसला का शीर्षक है–गुणवतायुक्त सुविधाएं देना सरकार का लक्ष्य। दैनिक सवेरा टाइम्स का कहना है–तीन वर्षों में विद्यालय भवनों पर खर्च होंगे छह सौ करोड़ रूपये।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–भु–भूजोत एनएच का रास्ता साफ–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयास लाए रंग, सामरिक महत्व की सड़क को रक्षा मंत्रालय की हां।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–हिमाचल में शीतलहर चलने का अलर्ट, पहाड़ों के साथ मैदानी इलाके भी आएंगे चपेट में। दैनिक भास्कर लिखता है–उना, बिलासपुर, हमीरपुर में 19 तक कोल्ड वेव का अलर्ट।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र पर पंजाब केसरी लिखता है–धर्मशाला के तपोवन में तपेगा सदन, सचिवालय के गलियारे पडेंगे सूने।